## एक नजर में

### नुन्हारिया मेहरा समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न, आंबेडकर जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय



**छिंदवाड़ा।** जिले के ग्राम खजरी अंतु (मोरडोंगरी क्षेत्र) में राष्ट्रीय नुन्हारिया मेहरा परिषद के तत्वावधान में सामाजिक होली मिलन समारोह एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरपंच नीरज कोलारे (नव नियुक्त उमरेठ ब्लॉक अध्यक्ष) एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा साथियों तथा विभिन्न ग्रामों से आए समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में आगामी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती (15 अप्रैल) को ग्राम घागर तलाई में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रैली एवं सामाजिक सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम की तैयारियों हेतु 15 मार्च को छिंदवाड़ा में धनराज जी द्वारा बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा यह निर्णय लिया गया कि यदि 5 अप्रैल तक 3 से 5 विवाह योग्य जोड़े सहमत होते हैं, तो आंबेडकर जयंती के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर उनके विवाह संपन्न कराए जाएंगे। समाज के विभिन्न गौत्रों के देवस्थलों पर देवालय, मंदिर, मंढी, रंगमंच एवं चौपाल जैसे सामाजिक स्थलों के निर्माण की योजना भी बनाई गई, जिसका कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया।

### छिंदवाडा को बाल विवाह मुक्त करने सांसद बंटी विवेक साहू ने रवाना की रथ यात्रा



**छिंदवाडा।** छिंदवाडा को बाल विवाह मुक्त करने के लिए रथ यात्रा निकाली गई।सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रचार रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ यात्रा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बाल विवाह के प्रति नागरिकों को जागरुक करेगी। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने बाल विवाह को समाज की कुप्रथा बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बालिकाओं के भविष्य को चौपट करने वाली प्रथा है,उन्होंने बाल विवाह ना करके बालिकाओं को पढने बढने देने के लिए अपील की। इससे पहले प्रदीपन संस्था की रथ यात्रा को सांसद ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कृष्ण हरजानी, संस्था की डाईरेक्टर रेखा गुजरे, कोआर्डिनेटर रामनाथ उईके, काउंसलर रंजीता कश्यप, सीएसडब्ल्यु मनोज उईके, मनोज इवनाती, धीरेंद्र उईके, रेखा मरावी, रामेती डेहरिया उपस्थित रहे। रथ यात्रा पहले दिन सिहोरामाल, खापाभाट, घोघरा, अतरवाडा, चांद आदि गांवों में पहुंची। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने बाल विवाह मुक्त छिंदवाडा के लिए नागरिकों को जागरुक किया गया।.

### रसोई गैस के दाम बढ़ाकर भाजपा ने गरीबों की रसोई पर डाका डाला : रघुवीर मोहने



**मोहखेड़।** घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी कर केंद्र की भाजपा सरकार ने एक बार फिर देश की गरीब, मध्यम वर्गीय और मेहनतकश जनता पर महंगाई का भारी बोझ डाल दिया है. यह बातें ब्लाक कांग्रेस कमेठी मोहखेड अध्यक्ष रघुवीर मोहने ने कही. उन्होंने कहा कि जब आम लोग पहले से ही बढ़ती महंगाई से परेशान हैं, ऐसे समय में गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाना सीधे तौर पर जनता की रसोई पर हमला है.श्री मोहने ने कहा कि रसोई गैस महंगी होने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की रसोई पर सीधा असर पड़ेगा. वहीं कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों की लागत बढ़ेगी, जिसका असर अंततः आम उपभोक्ताओं की जेब पर ही पड़ेगा. उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले महंगाई कम करने और जनता को राहत देने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज पेट्रोल, डीजल, गैस और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं. रघुवीर मोहने ने केंद्र सरकार से मांग की कि रसोई गैस की बढ़ाई गई कीमतों को तुरंत वापस लिया जाए और आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं

### ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट के समाधान के लिये कंट्रोल रूम स्थापित

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड छिंदवाड़ा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के त्वरित निराकरण एवं सतत निगरानी के लिए जिला एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07162-299040 निर्धारित किया गया है। खंड छिंदवाड़ा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में मनोज राउत (प्रभारी मानचित्रकार) मोबाइल नं.- 9039141289, मोहित नरताम (सहायक मानचित्रकार) मोबाइल नं.- 7415103637 तथा राजेन्द्र सोलंकी (हैंडपंप टेक्नीशियन) मोबाइल नं.- 9926302496 को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपखंड छिंदवाड़ा अंतर्गत विकासखंड छिंदवाड़ा में श्रीमती अर्चना चौकसे (प्रभारी सहायक यंत्री) मोबाइल नं.- 9340457416, श्रीमती गंगा सलाम (उपयंत्री) मोबाइल नं.- 8889459981 तथा विकासखंड मोहखेड़ के लिए श्री पंकज बामने (उपयंत्री) मोबाइल नं.- 9755891731 को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। उपखंड चौरई अंतर्गत विकासखंड चौरई में कु. रीता मरकाम (प्रभारी सहायक यंत्री) मोबाइल नं.- 7974494785, कु. दिया ठाकुर (उपयंत्री) मोबाइल नं.- 7828666365 तथा विकासखंड बिछुआ के लिए दीपक कुमार अहिरवार (उपयंत्री) मोबाइल नं.- 7970042411 को जिम्मेदारी दी गई है।

पहल | नटनी माई समिति ने दी 50 हजार की गृहस्थी सामग्री

# मातृ-पितृ हीन बेटी के घर पहुंची खुशियां



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा/पौनार, 8 मार्च, रविवार को ग्राम पंचायत पौनार में उस समय भावुक और खुशियों से भरा माहौल बन गया जब नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति अमरवाड़ा पड़ोसी ग्राम चिखली वाला की मातृ-पितृ हीन बेटी काजल के लिए लगभग 50-60 हजार रुपये की गृहस्थी सामग्री लेकर पहुँची।**

समिति के सदस्यों का ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में मानो उत्सव जैसा माहौल बन गया। जब समिति ने बेटी काजल को गृहस्थी की पूरी सामग्री भेंट की, तो उसका चेहरा खुशी से खिल उठा। यह भावुक पल देखकर कई ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं।

जानकारी के अनुसार काजल का विवाह 9 मार्च को ग्राम हथौड़ा निवासी सरमन वर्मा के साथ होना तय है। काजल के नाना-नानी ने समिति अध्यक्ष अरूण बूटी नेमा को बताया था कि उनके पास बिटिया को देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है और उन्होंने समिति के भरोसे ही विवाह का रिश्ता तय किया है।

इसके बाद समिति ने करीब 100 सदस्यों की उपस्थिति में पौनार पहुँचकर बेटी काजल का पैर पूजन किया और गृहस्थी के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की। समिति द्वारा दहेज सामग्री में डबल डोर अलमारी, कूलर, पंखा, ड्रेसिंग टेबल, ट्रॉली बैग, 15 साड़ियां, मिक्सी, लकड़ी का पलंग, गद्दा-रजाई-चादर-तकिया, बर्तन स्टैंड, स्टील टंकी, स्टील गुंडी, 5 लीटर प्रेशर कुकर, जर्मन डिब्बा, थाली, लोटा, गिलास सहित अन्य जरूरी घरेलू सामान और 10 हजार रुपये नगद प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक राधेश्याम सोनी, अध्यक्ष अरूण बूटी नेमा, सह-संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद साहू, सालिकराम यादव, राधेलाल डेहरिया, धनराज सिंह चंदेलमुकेश सूर्यवंशी. अनुराग मिश्रा (बीईओ अमरवाड़ा), जयदेव शर्मा (सीईओ), विनोद वर्मा (बीआरसी), बालकृष्णसाहू , गणेश साहू, , श्याम चौरसिय, ओम प्रकाश विश्वकर्मापारस नेमा अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जीवित समाधि स्थल सिंगोड़ी में उमड़ा जनसैलाब



**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 8 मार्च, रंग पंचमी के अवसर पर परंपरागत सिंगोड़ी स्थित कबीरवाडा में भव्य मेला का आयोजन आयोजित किया गया जिसे कोमी एकता का प्रतीक भी कहा जाता है। जिले में एक मात्र कबीर पंथ के जीवित समाधि स्थल में कबीर पंथ के सातवे वंशाचार्य श्री हुजूर सुरुति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल प्रांगण में विभिन्य धार्मिक आयोजन हुए।**

इस दौरान विशाल रंगपंचमी मेला कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीणों के अलावा मध्यप्रदेश सहित नागपुर महाराष्ट्र वर्धा छत्तीसगढ़ राजस्थान गुजरात यूपी आंध्रप्रदेश कर्नाटक दिल्ली बिहार सहित अनेक प्रदेशों से श्रद्धालु भक्तगण इस जीवित समाधि स्थल पर अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण करने हेतू यंहा पहुंचे। वही सिंगोड़ी में सुबह से ही हजारों लोगो की भीड़ देर रात तक रही, लोगो ने पुराने झूले का आनंद लिया तो वही जम कर खरीददारी भी की।

### 5 दिवसीय विशाल भंडारा भी हुआ संपन्न

समिति के संयोजक परसादी पटेल और योगेश यादव ने बताया लगातार कई वर्षो से जन सहयोग से समाधि स्थल पर भंडारा का आयोजन किया जाता है वही विगत पांच दिनों से भंडारा आयोजित किया जा रहा है जो रोज सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरंतर चलता रहा। वही पंथ के अनुयाइयों की सुभीदाओ को लेकर जनपत सदस्य ने समाधि स्थल के पास शौचालय बनाने के लिए करीब पांच लाख की राशि अपने मद से दिया है जिसका निर्माण भी जल्द सुरु करने की बात कही गई है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष शेष राव यादव जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे उत्तम ठाकुर टीकाराम सोनू सरसवर रमेश पहलवान पुष्प कुमार जैन सहित भारी तादात में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## कतिया समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 8 मार्च, कतिया समाज कल्याण संस्था, जिला छिन्दवाड़ा द्वारा होली मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्यजन एवं सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं तथा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कतिया समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश नागवंशी, राजेंद्र बेलवंशी, गुरूचरण खरे, हरि मना नाग के आर नागेश,मानक बेलवंशी तथा डॉ. पवन नाग सहित समाज के कई वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के सम्मान, समाज की एकता तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके सम्मान व सशक्तिकरण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएँ दीं और समाज की उन्नति तथा आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### रविशंकर साहू का निधन



**दमुआ।** वार्ड नं 14 दमुआ बाजार निवासी लायन्स समिति के अध्यक्ष, गरीब भोज के संचालक समाजसेवी रविशंकर साहू का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे, स्वर्गीय रवि शंकर साहू अपने पीछे पत्नी, पुत्री एवं 3 पुत्र भानु साहू, शानू साहू, जानू साहू सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार 9 मार्च दिन सोमवार को सुबह 10 बजे स्थानीय मोक्षधाम दमुआ में किया जाएगा।

## 7 वर्षीय फातिमा उमरा के लिए रवाना



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 8 मार्च, अंजुमन न्यूटन के सदर जमील खान के बड़े पुत्र जुनैद खान बहु सानिया अली पोता उमर 9 वर्ष पोती फातिमा उमर 7 वर्ष आज उमरा के लिए रमजान के पाक महीने में मक्का मदीना के लिए रवाना हुए उनके निवास पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी स्वागत करने के लिए उपस्थित हुए।**

जनपद उपाध्यक्ष जमील खान के निवास जाटाछापर में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें सभी धर्म और समाज के नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया ।देश में अमन चेन और भाईचारे की दुआऐ मांगी गई विधायक सोहन बाल्मिक हरि वर्मा नगर पंचायत बड़कुई के अध्यक्ष भारत डेहरिया अमजद खान बड़कुही न्यूटन चांदामेटा के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## स्वावलंबन से रोजगार अंतर्गत जोड़ने हेतु समाजकार्य के छात्र-छात्राओं को केले की खेती का भ्रमण कराकर संबंधित विषय में जानकारी दी गई



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 8 मार्च, मध्यप्रदेष जन अभियान परिषद के छिंदवाड़ा जिला समन्वयक के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक संजय बामने के निर्देशन एवं उपस्थिति में रानी सुमन सामाजिक विकास समिति जुन्नारदेव एवं पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव के सचिव सुश्री श्रद्धा विश्वकर्मा, पिंकी साहू के सहयोग एवं तत्वावधान में अतिरिक्त कक्षाओं के अंतर्गत ग्राम चिखलमऊ में डैं एवं ठैं के छात्रों को सह-भ्रमण के लिए ले जाया गया।**

इस दौरान छात्रों को ग्राम के कृषक अनिल पाटिल के बगीचे में लगभग दो एकड़ क्षेत्र में की जा रही केले की खेती का अवलोकन कराया गया। परामर्शदाता दीपा मेश्राम द्वारा छात्रों को केले की उन्नत खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि केले की फसल के साथ दूसरी फसल किस प्रकार ली जा सकती है तथा मल्चिंग विधि के माध्यम से किस तरह खेती की जाती है। साथ ही छात्रों को यह भी बताया गया कि केले के पौधे किस समय लगाए जाते हैं, रोपाई से पहले जमीन की तैयारी कैसे की जाती है, पौधों के बीच कितनी दूरी रखी जाती है तथा फल आने में कितना समय लगता है। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा केले के उत्पादन के बाद उसके विक्रय के विभिन्न तरीकों के बारे में भी छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम के सुखमन उईके सरपंच, फगूलाल पहाड़े सचिव, इशरत मंसूरी,राजकुमार डहेरिया, माया नागवंशी, दुर्गा उईके,विशाल बेलवंशी, संदीप ढाकरिया, अभिषेक यदुवंशी, आकाश यदुवंशी ग्रामवासी तथा परामर्शदाता सरजू विश्वकर्मा,गोविंद नंदवंशी, योगिता मशकोले, दीपा मेंश्राम एवं समाज शास्त्र के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

आयोजन | विद्युत नेटवर्क के लाइन मेन ह्रदय है जो अंधेरे को प्रकाशमाय बनाने का कार्य करते है

# जुन्नारदेव में मनाया गया लाइनमैन दिवस



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 8 मार्च, विद्युत विभाग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जुन्नारदेव में अंशिका लॉन में श्लाइनमैन दिवसश् का गरिमामयी आयोजन किया गया।**

जिसमें कार्यपालन अभियंता के मुख्य आतिथ्य एवं उपसंभाग सहायक अभियंता नरेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपसंभाग तामिया संजय धुर्वे सहित सभी कनिष्ठ अभियंताओं की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले लाइनमैनों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा गया। मुख्य अतिथि कार्यपलन अभियंता प्रशांत नागेश ने अपने संबोधन में कहा कि विद्युत् नेटवर्क के लाइन मेन ह्रदय है जो अँधेरे को प्रकाशमाय बनाने का कार्य करते है लाइन मेन विद्युत् सिस्टम की रीढ़ की हड्डी है जिससे पूरा सिस्टम टिका हुआ है। इस अवसर पर संभाग के उन कर्मठ लाइनमैनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिन्होंने पूरे वर्ष सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए शून्य विद्युत दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त किया और उत्कृष्ट एवं सावधानी पूर्वक कार्य किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लाइनमैनों का भी सम्मान किया गया और सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं की उपस्थिति में विभाग के प्रति उनके विश्वास को और सुदृढ़ किया गया। अधिकारियों ने सभी मैदानी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया। परमिट लेने सेफ्टी कार्य करने हेतु नाटकीय मंचन किया गया अंत मे आभार व्यक्त कर कार्यकम सफ्लता पूर्वक सम्पन हुआ।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 8 मार्च, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की बहनों द्वारा महिला दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव एवं जिला महामंत्री विजय पांडे, कमलेश उईके द्वारा पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया।**

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति में नारी को शक्ति और सृजन का प्रतीक माना गया है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा। श्री यादव ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकारें अनेक योजनाएं चला रही हैं। मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाएं भी महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला ही सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है।

//नाम परिवर्तन सूचना//

शपथकर्ताः-सुभाष चंद सिंह पिता श्री अमर सिंह उम्र करीब 44 वर्ष निवासी रामगढ़ गोकलगड़ (76) जिला अम्बाला हरियाणा निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ
1.यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ मेरा आधार कार्ड नं.-42156411 4397 है।
2.यह कि मैं वर्तमान में शिखलाइट रेजीमेन्ट 24 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. छिन्दवाड़ा में हवालदार.के पद पर पदस्थ हूँ।मेरा बेच क्रमांक E360598 है।
3. यह कि मेरे समस्त दस्तावेज़ में मेरी पत्नी का नाम रेनू देवी RENU DEVI पति श्री सुभाष चंद सिंह SUBHASH CHAND SINGH एवं जन्म दिनांक 25/12/1988 है परंतु मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम कुमारी रेनू एवं जन्म दिनांक 25/12/1989 दर्ज है जिसे सुधार किया जाना आवश्यक है अतः सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम रेनू देवी एवं जन्म दिनांक 25/12/1988 जोड़े जाने के सबंध में मेरा स्वयं का शपथपत्र प्रस्तुत है।
शपथकर्ता

सत्यापन
मैं शपथकर्ता सुभाष चंद सिंह पिता श्री अमर सिंह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 तक के कथन मेरे स्वतःके ज्ञान से सत्य व सही है अतः आज दिनांक 06/03/2026 को हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।
छिंदवाड़ा
दिनांक 06/03/2026 शपथकर्ता

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा
Municipal Corporation Chhindwara
Add.In tront ot shukla gound. guraiya road Tel-07162-222346 E-mail-commchhindwara@mp.gov.in
क्रं/7341/रा.शा./न.पा.नि./2026 छिंद.दिनांक 05/03/26

::-आम-सूचना आपत्ति-इश्तहार-::
एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि हिन्दी प्रचारणी के सामने स्थित दुकान क्रमांक 03 भूतल,क्षेत्रफल214वर्गफीट, जो कि अनारक्षित हेतु है,उक्त दुकान में आवेदिका श्रीमति बसंती देवी जैन पति स्व.सुगनचंद जैन द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन-पत्र,वसीयतनामा दिनांक14/03/2023,शपथ पत्र दिनांक19.12.2025एवंमृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया हैं।दुकान पर वर्तमान में श्री सुगनचंद जैन पिता श्री गुलाबचंद जैन का नाम दर्ज है। जो आवेदिका को वसीयतनामा दिनांक 14/03/2023 के द्वारा प्राप्त हुई हैं।आवेदिका वसीयतनामा दिनांक 14/03/2023, शपथ पत्र दिनांक 19.12.2025 एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर अपना नाम दर्ज करवाना चाहती हैं।उक्त दुकान की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर में- दुकान क्रं.04,दक्षिण में-दुकान क्रमांक02,पूर्व में रास्ता, एवं पश्चिम में विद्या निकेतन स्कूल हैं । प्रस्तुत आवेदन-पत्र,वसीयतनामा, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त दुकान का नामान्तरण आवेदिका श्रीमति बसंती देवी जैन पति स्व. सुगनचंद जैन के नाम पर किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।समयावधि बाद किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आयुक्त
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा(म.प्र.)